## एक नजर में



### लायंस क्लब होलिसिटी का शपथ ग्रहण संपन्न

**उज्जैन।** लायंस क्लब होलिसिटी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। डिस्ट्रिक्ट पी.आर.ओ. दीपक राजवानी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजीएफ प्रवीण वशिष्ठ, शपथ अधिकारी जयपुर से पधारे वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजीएफ आशुतोष वशिष्ठ, विशेष अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति, समाजसेवी एवं श्री माधव क्लब के पूर्व सचिव शैलेश कालवाड़िया तथा रीजन चेयरमैन सत्येंद्र श्रीवास्तव थे। कार्यस्त्र5म के प्रारंभ मे सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात क्लब अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र बंसल ने स्वागत उद्‌बोधन दिया और उनके कार्यकाल मे श्रेष्ठ सेवाएं देने वाले साथियों को पुरस्कृत किया। इसके बाद शपथ अधिकारी ने सुनील गोयल को अध्यक्ष, सुनील सामरिया को सचिव, अनिल सामरिया को कोषाध्यक्ष, प्रदीप अग्रवाल को सह सचिव, नरेश भंडारी, गजेंद्र सर्राफ, डॉ. तेजसिंह चौधरी को उपाध्यक्ष एवं कुलभूषण जुनेजा, सुरेश जैन, राजेंद्र गुप्ता, दिनेश हरभजनका को संचालक पद की शपथ दिलाई। नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील गोयल ने समाज के पीड़ित वर्ग के लिए वर्ष भर कार्य करने का आव्हान किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजीएफ प्रवीण वशिष्ठ ने इलेक्टनिक वेस्ट को एकत्रित कर उसके निष्पादन करने की महत्ता पर प्रकाश डाला और इस अभियान को डिस्ट्रिक्ट स्तर पर करने का अनुरोध किया। संचालन सुशील पोरवाल एवं नितिन शाह ने किया तथा सचिव सुनील सामरिया ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट पीआरओ दीपक राजवानी, संजय मित्तल, लायंस ऑफ उज्जैन के कॉर्डिनेटर नरेंद्र खंडेलवाल, समाजसेवी मुकेश सेलवाडिया, लायंस होलिसिटी के संस्थापन अधिकारी भरत जैन, पूर्व सचिव संतोष धींग, तपोभूमि के अध्यक्ष दिनेश जैन, माहेश्वरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश लड्ढा, प्रसिद्ध उद्योगपति नरेश भंडारी, सुनील चपलोद, प्रसिद्ध कांट्रेक्टर अनिल अग्रवाल, कैलाश तोतला, प्रेमचंद जैन, सुरेश जैन, संजय ज्ञानी, दिनेश बियानी, दीपक दास, डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरार संजीव गोयल, अचल लिंगा, प्रसिद्ध कर सलाहकार प्रदीप दास, अजेश कोठारी, अजीत कटियार, नलिन खंडेलवाल, संतोष घाटिया, सतीन दिसावल एवं राजेश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या मे गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### एमआईटी के छात्रों का परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**उज्जैन।** महाकाल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल स्टडीज (एम्आईपीएस), उज्जैन के बी.फार्म प्रथम सेमेस्टर के छात्रों ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का मान बढ़ाया है। इस वर्ष के परिणामों में 4 छात्रों ने 9 से अधिक सीजीपीए और 40 छात्रों ने 8 से अधिक सीजीपीए प्राप्त किया है। वंशिका पाटीदार और जैनब पिपलियावाला ने 9.14 सीजीपीए के साथ संस्था में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि समृद्धि राठौर (9.1 सीजीपीए) और अतिशय जैन (9.0 सीजीपीए) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस उपलक्ष पर एम्आईपीएस के निदेशक डॉ. एस.सी. महाजन ने कहा छात्रों का आरजीपीवी परीक्षा में इस तरह का उत्कृष्ट प्रदर्शन संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। हमारे छात्रों की मेहनत और शिक्षकों का समर्पण ही इस सफलता का आधार है। संस्था के प्राचार्य डॉ. विकास जैन, प्राचार्य ने बताया इस सत्र में हमारे छात्रों ने न केवल शैक्षणिक उपलब्धियां अर्जित की हैं, बल्कि शोध और नवाचार में भी अपनी रुचि दिखाई है। यह हमारे संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है। एमआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट्स, उज्जैन के सचिव आदित्य वशिष्ठ ने संसथान की शैक्षणिक उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा, एम्आईपीएस के छात्रों का यह प्रदर्शन हमारे समूह के लिए गर्व का विषय है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और संस्थान को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध रखेंगे।



### श्री बांके बिहारी मंदिर में मनेगी गुरुपूर्णिमा

**उज्जैन।** शहर के एकमात्र श्री बांके बिहारी मंदिर में 10 जुलाई को धूमधाम से गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया जायेगा। अंकपात पर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर पर गुरु पूर्णिमा पर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए शैलेन्द्र यादव ने बताया कि सनातन धर्माचार्य संतश्री पं. हरिनारायण शास्त्री द्वारा नामदान दिया जायेगा। सुबह 8 बजे से व्यास पूजन प्रारंभ होगा जो शाम तक चलेगा। इस दौरान दिनभर गुरुपूजन, भजन और धार्मिक आयोजन होंगे।

### कीर्तनकार राजवीर सिंघ मुछाल बने सीए




**उज्जैन।** सिख धर्म (गुरबाणी) के राष्ट्रीय कीर्तनकार उज्जैन निवासी राजवीर सिंघ मुछाल पिता हरदीप सिंघ मुछाल ने धर्म के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी परचम लहराया है। विगत दिनों आए सीए के परिणाम में सीए बनने की सफलता प्राप्त की। राजवीर सिंघ मुछाल देश के विभिन्न गुरद्वारे साहिब के स्टेजो पर 100 से अधिक बार गुरबाणी कीर्तन और मोटिवेशन की सेवा ले चुके है। राजवीर सिंघ कि उक्त सफलता पर समाज के वरिष्ठ एस.एस.नारंग, इकबाल सिंघ गांधी, चरनजीत सिंघ कालरा, हरदीप सिंघ सलूजा, उद्योगपति नारंग परिवार, बलबीर सिंघ मक्कड़, सीए मुकेश सोनी, मयंक शुक्ला, संजय व्यास एवं अजय व्यास ने भी हर्ष व्यक्त कर शुभकामनाएं दी।

### शक्तिपीट पर होगा दो दिनी गुरुपूर्णिमा उत्सव

**उज्जैन।** गायत्री शक्तिपीठ पर दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज 9जुलाई से पावन गुरु पूर्णिमा पर्व पर गायत्री शक्तिपीठ अंकपात द्वार उज्जैन पर दो दिवसीय समारोह 9 और 10 जुलाई 2025 को आयोजित होगा। इसके तहत बुधवार 9 जुलाई को प्रात: 6 बजे से शाम 6 तक अखंड गायत्री मंत्र जप। शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक दीप यज्ञ होगा। पूर्णिमा गुरुवार 10 जुलाई को प्रात: 7 बजे सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा का पूजन अभिषेक। 8 बजे से गायत्री महामंत्र दीक्षा संस्कार, पर्व पूजन, गायत्री यज्ञ के बाद परिजनों के लिए भोजन प्रसादी की आयोजन होगा। व्यवस्थापक जेपी यादव ने बताया कि गुरु दीक्षा के लिए यह पर्व महत्वपूर्ण है। यहां पर प्रात 8 बजे से गुरु दीक्षा दी जाएगी। आपने बताया कि पहले दीक्षा ले चुके श्रद्धालुओं से यदि दीक्षा संकल्प में व्यतिरेक आया है तो बह भी दीक्षा नवीनीकरण के लिए पधारें।

### समाजसेवी श्रीमती जोशी का निधन



**उज्जैन।** बावीसा ब्राह्मण समाज की प्रसिद्ध समाजसेवी रूखमणी देवी जोशी का आकस्मिक निधन रविवार हो गया। मुखाग्नि पुत्र अभय जोशी, सुनील जोशी ने दी चक्रतीर्थ पर आयोजित शोकसभा में उनके द्वारा समाज मे महिला रामायण मंडल, निशुल्क अन्नक्षेत्र, समाज भवन के लिए किए गए कार्य का उल्लेख करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सर्व ब्राह्मण से निर्दोष पाठक, डॉ. घनश्याम जोशी, शिवनारायण उपाध्याय, देवेंद्र शुक्ला, उल्लास वैद्य, राधेश्याम तिवारी, नवीन पाठक आदि ने उनके द्वारा किये कार्य को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# महाकाल मंदिर से लेकर कालभैरव तक बड़े पैमाने पर हटाए अवैध निर्माण

## तोड़फोड़ के नाम पर रहा मंगलवार, कानीपुरा से लेकर भरतपुरी तक कार्रवाई, कलेक्टर के निर्देश पर यूडीए और निगम ने छेड़ी मुहिम

**उज्जैन। मंगलवार का दिन विकास के नाम पर रहा। जिस प्रकार से शहर में सिंहस्थ 2028 के निर्माण कार्य, विकास कार्य सौंदर्य करण कार्य चल रहे हैं। ऐसे में अवैध निर्माण अतिक्रमण एक बड़ी बाधा बना हुआ है। यही कारण रहा है की अब तेजी से जेसीबी का पंजा चल रहा है।**



नवभारत से चर्चा में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि महाकुंभ 2028 की तैयारियां बड़े पैमाने पर की जा रही है। जहां कहीं अवैध निर्माण अतिक्रमण है उसे हटाया जा रहा है सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निर्माण कार्य भी चल रहे हैं ऐसे में जहां पर बाधा होगी उसे हटाया जाएगा और यह कार्य लगातार चलता रहेगा। नगर निगम अपर आयुक्त प्रदीप सेन ने बताया कि काल भैरव मंदिर से अवैध निर्माण अतिक्रमण बड़े पैमाने पर हटाए गए हैं। यहां पर बाबा काल भैरव का दर्शन करने के लिए जो श्रद्धालु आते हैं उन्हें बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। उनके वाहन भी फ़ंस जाते थे। वहीं लोकल परिवहन वाले जो साधन है। ई-रिक्शा, ऑटो उन्हें भी दिक्कतें होती है। ऐसे में ठेले वाले गुमटी वालों से लगाकर अन्य प्रकार के अवैध निर्माण अतिक्रमण हटाकर दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि यहां श्रद्धालुओं को निर्बाध दर्शन करने में बाधा उत्पन्न न की जाए। मंगलवार को नगर निगम में आगर रोड स्थित कानीपुरा हरिओम तौल कांटे के आगे भी अवैध निर्माण अतिक्रमण बड़े पैमाने पर हटाए गए। सड़क के दोनों छोर पर बने अवैध मकान दुकान पर जेसीबी चलाई गई और भविष्य में यहां अवैध निर्माण अतिक्रमण न करने की चेतावनी भी दी गई। बाबा महाकाल के मंदिर के सामने भी अवैध निर्माण अतिक्रमण बड़ी संख्या में पनप रहे हैं। अपना स्वीट्स के पास एक निर्माणाधीन होटल को भी तोड़ने की कार्रवाई नगर निगम द्वारा की गई है। मंगलवार को दलबल के साथ अमला पहुंचा और जेसीबी से अवैध निर्माण हटाया गया।

### नगर निगम ने छेड़ी मुहिम, विकास प्राधिकरण ने भी खोला मोर्चा

निगम आयुक्त आशीष पाठक ने चर्चा में बताया कि शहर भर में एक दर्जन से अधिक ऐसे मार्ग है जो चौड़े किया जाना है। कई मार्गों पर निर्माण कार्य प्रारंभ हो गए हैं। कुछ क्षेत्रों में रह वासियों ने अपने हाथों से मकान दुकान तोड़कर जिला प्रशासन नगर निगम की सहायता की है। ऐसे में उन लोगों को भी सहयोग करना चाहिए जो अवैध निर्माण अतिक्रमण जानबूझकर कर रहे हैं। जबकि उज्जैन को सिंहस्थ के लिए तैयार किया जा रहा है। ऐसे में नगर निगम की अतिक्रमण अवैध निर्माण हटाने की मुहिम लगातार जारी रहेगी। भरतपुरी स्थित विकास प्राधिकरण के अधिपत्य की जो जमीन है। वहां पर भी अवैध निर्माण अतिक्रमण बड़े पैमाने पर किए जा रहे हैं। भरतपुरी क्षेत्र में आरटीओ बंद हो चुका हैं। ऐसे में रजिस्टार कार्यालय के लिए सर्विस प्रोवाइडरों द्वारा जो ऑफिस किराए पर ले रखे हैं। उसके आसपास खुली पड़ी जमीन पर अवैध निर्माण अतिक्रमण कर लिया गया है। कुछ लोगों ने स्वयं के ऑफिस भी बना रखे हैं, उन्होंने भी यूडीए की जमीन पर कब्जा कर लिया है। मंगलवार को विकास प्राधिकरण की टीम पहुंची और कुछ मामलों में कार्रवाई की। वहीं उन्हें 7 दिन का समय दिया गया है। यदि अवैध निर्माण नहीं हटाया गया तो फिर कार्रवाई होगी।

### महाकाल सवारी मार्ग पर भवनों पर होगा एक जैसा रंग-महापौर

उज्जैन। महाकाल सवारी मार्ग हेरिटेज स्ट्रीट विकास योजना की महापौर मुकेश टटवाल की उपस्थिति में स्मार्ट सिटी कार्यालय पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में महाकाल सवारी मार्ग में आने वाले समय में हेरिटेज स्ट्रीट विकास कार्य योजना अंतर्गत होने वाले कार्यों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। सवारी मार्ग हेरीटेज स्टेट विकास योजना के अंतर्गत मास्टर प्लान 2035 के अनुसार अनुमानित लागत रुपए 83.78 करोड़ से सड़कों का चौड़ीकरण, भूमिगत सर्विस (पानी, सिविल, नाली, बिजली सहित) पैदल यात्रियों के लिए अनुकूल सड़क, पैदल मार्गों का पूर्ण निर्माण, रामघाट तथा महाकाल चौराहे पर सवारी द्वार एवं रामघाट पर पूजा स्थल का निर्माण, मार्ग में ऐतिहासिक धार्मिक स्मारकों संरचनाओं में सुधार, सड़क किनारे दुकानों और संपत्तियों का समरूप, महाकाल सवारी की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाली मूर्तियां, स्मार्ट एलइडी लाइट के साथ हेरिटेज स्टाइल में बैठने की व्यवस्था के साथ सड़कों का निर्माण, रेलिंग एवं पार्किंग व्यवस्था, फ्रेश रूम, सूचना बोर्ड, मार्ग संकेतक, पीए सिस्टम एवं निगरानी प्रणाली के साथ ही परियोजना क्षेत्र में अन्य निर्माण के लिए विनियामक दिशा निर्देश की सुविधा महाकाल सवारी मार्ग में होगी।

# आईटी सेल की मदद से युवक को वापस मिले 1 लाख रुपए

**उज्जैन।** यूपीआई के माध्यम से 1 लाख का गलत ट्रांजेक्शन होने पर युवक बैंक पहुंचा, लेकिन उसे बैंक की ओर से तत्कान कोई मदद नहीं मिल पाई। उसने पुलिस से संपर्क किया और आईटी सेल में पहुंचकर गलत ट्रांजेक्शन होने और जिस खाते में रूपये गये, उसे संपर्क नहीं होने की बात कहीं।

आईटी सेल की टीम ने चेतनसिहं तोमर की शिकायत को गंभीरता से लिया और जांच-पड़ताल शुरू की।




जिस खाते में ट्रांजेक्शन हुआ था, उसे बैंक की मदद से फ्रीज कराया गया और खाताधारक की जानकारी प्राप्त करने के बाद 10 दिन बाद चेतनसिंह तोमर को उसकी पूरी राशि खाते में ट्रांसफर करने में मदद की। राशि वापस मिलने पर चेतन ने बताया कि वह काफी तनाव में आ गया था। उसे राशि मिलने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा की ओर मिले आश्वासन और आईटी सेल टीम की मदद से राशि मिलने पर खुश हूं। चेतन ने उज्जैन पुलिस की प्रशंसा करते हुए आभार माना। आईटी सेल की टीम लगातार ऐसे लोगों की मदद कर रही है, जिसके साथ ऑनलाइन फ्रॉड हो रहा है। कुछ दिन पहले भी 11 लोगों के साथ हुई ठगी में 2 लाख 64 हजार 687 की राशि वापस कराने में मदद की थी।

### लापता वृद्ध की मिली लाश

उज्जैन। रातभर घर नहीं लौटे वृद्ध की सोमवार सुबह सिंगाडे के तलाब से लाश मिलना सामने आया है। आशंका जताई गई है कि शौच जाते समय तालाब में डूबा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है। चिंतामण थाना पुलिस ने बताया कि सुबह 10 बजे के लगभग खबर मिली थी कि टकारिया पंथ में सिंगाड़े के तलाब में मांगीलाल पिता कन्हैयालाल बाथम 62 वर्ष का शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो परिजन भी एकत्रित हो गये थे। शव को बाहर निकाला गया, इस दौरान परिजनों ने बताया कि मांगीलाल चार बच्चों का पिता था। पुत्र ने बताया कि कुछ दिनों से स्वास्थ्य ठीक नहीं था। रात में संभवत: शौच के लिये तालाब किनारे आये थे और डूबने से उनकी मौत हुई है।

### फर्जी कॉल सेंटर के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

उज्जैन। शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच देकर फर्जी एडवाइजरी कॉल सेंटर के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले मुख्य सरगना को राज्य सायबर सेल झोन की टीम ने गिरफ्तार किया है। राज्य सायबर सेल पुलिस अधीक्षक सव्यसाची सर्राफ ने बताया कि नवम्बर 2024 में सूचना प्राप्त हुई थी कि श्यामगढ़ जिला मंदसौर स्थित पंजाबी कालोनी में डायमंड रिसर्च बंगलोर नामक फर्जी शेयर मार्केट एडवाइजरी कंपनी संचालित की जा रही है। कंपनी आम लोगों को शेयर बाजार में एल्गो ट्रेडिंग साफ्टवेयर के जरिये अधिक मुनाफे का झांसा देकर निवेश करा रही है। और धोखाधड़ी कर रही है। सूचना पर टीम ने दबिश देकर 22 लोगों को पकड़ा था। लेकिन मुख्य सरगना फरार हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था। सात माह से उसकी लगातार तलाश जारी थी। मंगलवार को खबर मिलने पर मंदसौर के गांधी चौराहा से कुशाल केवट पिता गोपाल केवट, निवासी ग्राम कंवला, थाना भानपुरा को गिरफ्तार किया गया। उसके द्वारा झांसा देकर राशि फर्जी खातों में जमा कराई जाती थी और बाद में निकल ली जाती थी। मुख्य सरगना को गिरफ्तार करने में उपपुलिस अधीक्षक लीना मारोठ, उपनिरीक्षक सत्येन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक पूजा मुवेल (तकनीकी सहायक), आरक्षक सुनील पंवार की भूमिका रही।

# कट्टरपंथियों के निशाने पर शहर का श्रवण कुमार, समर्थन में आए संत

## पाकिस्तान का झंडा कुचलने पर दर्ज कराया झूठा केस




**उज्जैन।** धर्म, मातृ-पितृ सेवा और जनकल्याण के कार्यों में वर्षों से जुटे उज्जैन निवासी रौनक गुर्जर पर पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शन के चलते एक समुदाय विशेष के प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा दबाव बनाकर झूठा प्रकरण दर्ज कराए जाने का मामला सामने आया है।

रौनक का आरोप है कि पुलवामा हमले के बाद पाक झंडा कुचलने और पाक पीएम का पुतला जलाने जैसे राष्ट्रवादी कदम कट्टरपंथियों को नागवार गुज़रे, जिससे बौखलाकर उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। अपने सामाजिक और धार्मिक सेवा कार्यों से शहर में श्रवण कुमार के रूप में पहचाने जाने वाले रौनक गुर्जर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार वजह उनका कोई धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति से जुड़ा एक प्रदर्शन है, जिसके चलते उनके विरुद्ध साजिश रचकर प्रकरण दर्ज करा दिया गया है। उनका कहना है कि इस राष्ट्रवादी कदम के कारण कुछ कट्टरपंथी तत्व बौखला गए हैं और इसी का परिणाम है कि उनके विरुद्ध 24 जून 2025 को थाना खाराकुआं उज्जैन में एक झूठा प्रकरण दर्ज करवा दिया गया। रौनक गुर्जर का कहना है कि इस प्रकरण में उनका कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष संबंध नहीं है। यह पूरी कार्रवाई केवल उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और उनके जनसेवा कार्यों को रोकने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिस व्यक्ति की शिकायत का हवाला देकर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई, उसी के विरुद्ध उन्होंने पूर्व में धोखाधड़ी की शिकायत की थी, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### रौनक ने की पुलिस से जांच की अपील

रौनक ने पुलिस अधीक्षक उज्जैन से अपील की है कि वे उनके खिलाफ की गई किसी भी शिकायत की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करें। उन्होंने आशंका जताई कि उन्हें लगातार निशाना बनाया जा सकता है और झूठे प्रकरणों में फंसाया जा सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच उच्च स्तर पर की जाए ताकि सत्य सामने आ सके।

### पुलिस को कर रहे हैं गुमराह

रौनक ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता के पीछे एक समुदाय विशेष का प्रभावशाली व्यक्ति है, जो पूर्व में श्री महाकालेश्वर मंदिर मार्ग को अवरुद्ध कराने जैसे विवादास्पद कार्यों से भी जुड़ा रहा है। अब वही व्यक्ति अपने प्रभाव और दबाव का दुरुपयोग करते हुए पुलिस तंत्र को गुमराह कर रहा है। रौनक गुर्जर ने बीते वर्षों में अपने क्षेत्र को राममय बनाने का जो प्रयास किया है, वह उल्लेखनीय है। उन्होंने अपनी चमड़ी से माता के लिए चरण पादुका बनवाई, श्रीरामायण का नित्य पाठ शुरू कराया, हर सप्ताह सुंदरकांड का पाठ, पूर्णिमा-अमावस्या पर अखंड रामायण, रामनाम लेखन अभियान, खिलाड़ियों के लिए नि:शुल्क अखाड़ा, गौशाला सेवा जैसे कई अनूठे कार्य किए हैं।

# हत्या करने वाले को 10 साल का कठोर कारावास

**उज्जैन। देवासगेट बस स्टैंड परिसर में बने होटल गोदाम में मारपीट कर अधेड़ को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को न्यायालय ने 10 साल कठोर करावास की सजा सुनाई है।**

मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि 1 जनवरी 2024 को नरेश पिता खूबचंद को मृत अवस्था में जिला चिकित्सालय लाया गया था। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। देवासगेट थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। इस दौरान सामने आया कि मृतक देवासगेट चौराहा पर बॉम्बे स्वीट्स होटल पर काम करता था। रात में वह बस स्टेंड परिसर में बने होटल के गोदाम में सोने गया था। जहां राहुल और अभिषेक शराब पी रहे थे। अभिषेक नशा करने के बाद सो गया था। कुछ देर बाद उसने चिल्ला चोट की आवाज सुनी तो नींद से जागा। राहुल लोहे के खोचे से नरेश के साथ मारपीट कर रहा था। नरेश गंभीर घायल हो गया था। अभिषेक के जागने पर राहुल भाग निकला था। पुलिस को वहां लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज मिले थे। जिसमें नरेश, राहुल के साथ गंदा काम कर रहा था, राहुल ने इसका विरोध करते हुए मारपीट की थी। जिसमें वह घायल हुआ था, लेकिन अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर राहुल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। चालान प्रस्तुत करने के बाद डेढ़ साल चली सुनवाई के बाद अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार चंदेल ने फैसला सुनाते हुए राहुल जैन निवासी महावीर नगर भैरवगढ़ को 10 साल कठोर कारावास की सजा से दंडित किया। मामले में विशेष लोक अभियोजक मुकेश कुमार कुंहारे ने पैरवी की।

### चाकूबाजी में घायल युवक की 5 दिन बाद मौत

उज्जैन। चाकूबाजी में घायल ड्रायवर की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में सोमवार दोपहर को मौत हो गई। घटनाक्रम के बाद पुलिस ने प्राणघातक हमले की धारा में प्रकरण दर्ज किया था। अब हत्या की धारा बढ़ाई जायेगी। चाकू मारने वाले 2 युवकों को घटना के बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया था। भैरवगढ़ क्षेत्र के ग्राम चकरावदा में रहने वाला यश पिता आनंदीलाल उपाध्याय 23 वर्ष ड्रायवरी करता था और सखीपुरा क्षेत्र में निवासरत था। 2 जुलाई की रात 11.23 बजे दूधतलाई क्षेत्र से दोस्त कुलदीप के साथ घर जा रहा था। उसी दौरान कुलदीप को सुमित गोस्वामी और डम्पी उर्फ अंकित ने रोक लिया। कुलदीप का दोनों से 1 हजार रूपये को लेकर विवाद था। मारपीट में यश उपाध्या ने दोस्त कुलदीप को बचाने का प्रयास किया तो सुमित और डम्पी ने उसे चाकू घोंप दिये थे। कुलदीप उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पांच दिन चले उपचार के बाद सोमवार को यश की मौत हो गई। देवासगेट पुलिस निजी अस्पताल पहुंची और यश का शव पीएम के लिये शासकीय चरक अस्पताल लाया गया।

**सवारी के लिए बैठक** — **मंदिर समिति ने ली बैठक, शिक्षा विभाग बटुकों को लाने के लिए बस की व्यवस्था करेगा**

# बाबा महाकाल की पहली सवारी पर 500 बटुक शिप्रा के तट पर मंत्रोच्चार करेंगे

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** महाकाल की पहली सवारी पर 14 जुलाई को 500 बटुक शिप्रा के तट पर एक साथ मंत्रोच्चार कर वैदिक उद्घोष करेंगे। इस बार प्रत्येक सवारी को एक अलग थीम के साथ निकालने का निर्णय लिया गया है। इसको ध्यान में रखते हुए ही हर सवारी के दौरान एक कार्यक्रम बनाया गया है।

पहली सवारी के दौरान बटुकों का वैदिक उद्‌घोष रखा गया है। भगवान महाकाल की सभी सवारियां पूर्ण वैभव के साथ नगर में निकाली जाएगी। शिप्रा के तट पर जब महाकाल की सवारी मंदिर से निकलकर पूजन के लिए पहुंचेगी तो वहां 25 गुरुकुल के 500 बटुक द्वारा वैदिक मंत्रों से बाबा का अर्चन करेंगे। शिप्रा के दोनों तट रामघाट व दत्त अखाड़ा क्षेत्र पर बटुक मौजूद रहेंगे। इस आयोजन की तैयारी को लेकर मंगलवार को एक बैठक मंदिर क के कंट्रोलरूम में हुई जिसमें समस्त गुरूकुलों के प्रबंधक व आचार्यों को बुलाया गया। बैठक में मंत्रों का चयन, गुरुकुलों से शिप्रा तट तक बटुकों को लाने के लिए बसों की व्यवस्था शिक्षा विभाग के माध्यम से किए जाने की व्यवस्था की गई। बैठक में उप प्रशासक एस.एन. सोनी, श्रीमती सिम्मी यादव, सहायक प्रशासक गिरीश तिवारी, मूलचंद जूनवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### सवारी में झांकी-रथ व डीजे प्रतिबंधित, भजन वाले ड्रेस कोड में रहेंगे

महाकाल की सवारियों में इस बार डीजे के साथ ही सजाकर लाए जाने वाले रथ व झांकी आदि भी प्रतिबंधित रहेंगे। भजन मंडलियों के सदस्यों को निर्धारित ड्रेस कोड में आईडी कार्ड के साथ चलना होगा। यह निर्णय मंगलवार को हुई भजन मंडलियों की बैठक में मंदिर समिति के अधिकारियों की मौजूदगी में लिया गया। समिति के उप प्रशासक एसएन सोनी व सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने कहा कि सवारी के लिए 9 भजन मंडलियों को निर्देशित किया गया है कि सभी सीमित संख्या में व ड्रेस कोड शामिल होंगे। झांकी, शोभा रथ व डी.जे. आदि प्रतिबंधित रहेंगे। सवारी में अधिकृत भजन मंडलियां को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी। भजन मंडलियों के स्वरूप सवारी के वैभव अनुरूप होना चाहिए। कोई भी व्यक्ति नशा या अन्य मादक पदार्थों का सेवन कर नहीं आए, ऐसा पाए जाने पर संबंधित मंडली को बाहर कर दिया जाएगा। समय का भी मंडली विशेष ध्यान रखे।

### डेढ़ किलो से अधिक चांदी से बना मुकुट



महाकाल मंदिर में हजारों श्रद्धालु रोज देश के कौने-कौने से यहां दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें से कई अपनी मनोकामनाएं पूरी होने पर आभूषण से लेकर नकद राशि का दान भी करते हैं। इसी तरह मंगलवार को भी मुंबई महाराष्ट्र से आए भक्त विजय शर्मा ने मंदिर के पुरोहित पंडित पीयूष चतुर्वेदी की प्रेरणा से चांदी का एक मुकुट दान किया। यह मुकुट 1 किलो 800 ग्राम चांदी से बना है। उक्त मुकुट की कीमत बाजार में लाखों रुपए है। मंदिर समिति के अधिकारियों ने भक्त का सम्मान कर चांदी का उक्त मुकुट प्राप्त किया। श्रृंगार के दौरान समय-समय पर बाबा महाकाल को दान में आए यह मुकुट अर्पित किए जाते हैं।